हरिभूमि
कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

[भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा]

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
30 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
22



छत्तीसगढ़ की टोली का नेतृत्व पखांजूर के एसडीओपी कुलदीप बंजारे करेंगे

गुजरात की राष्ट्रीय एकता परेड में कांकेर की 10 महिला फाइटर्स करेंगी कदमताल

विजय पांडेय ⏭ कांकेर

कभी नक्सलवाद की चुनौती के लिए पहचाने जाने वाले बस्तर की नई पहचान अब साहस, शांति और बदलाव की कहानी के रूप में सामने आ रही है। देश की आंतरिक सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बस्तर की महिला कमांडो पहली बार गुजरात के स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय एकता परेड में कदमताल करेंगे। बस्तर की महिला टोली में कांकेर जिले की 10 महिला बस्तर फाइटर्स भी शामिल है। छत्तीसगढ़ की टोली के लिए कमांडर की जिम्मेदारी पखांजूर के एसडीओपी कुलदीप बंजारे को सौंपी गई है।

- नक्सलवाद के खिलाफ संघर्ष से राष्ट्रीय परेड तक, पहली बार बस्तर के जवान दिखाएंगे अपना शौर्य

राज्य पुलिस बल को भी मिला अवसर

वर्ष 2026 में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं परेड की प्रमुख थीम वंदे मातरम् (150 वर्ष पूरे होने का उपलक्ष्य) और नक्सलवाद का खात्मा है। इसी उद्देश्य से देश के नक्सल प्रभावित राज्यों में नक्सलवाद के खिलाफ अभियान में शामिल केंद्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस बलों को राष्ट्रीय एकता परेड में भागीदारी का अवसर दिया गया है। गुजरात के एकता नगर स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में कल 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाली इस परेड में पहली बार बस्तर संभाग के जवान भी शामिल होंगे। यह बस्तर के लिए गौरवपूर्ण अवसर है।

नक्सलवाद के खिलाफ संघर्ष से राष्ट्रीय मंच तक

बस्तर संभाग लंबे समय तक नक्सलवाद की चुनौती से प्रभावित रहा है। इस दौरान जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और अन्य सुरक्षा बलों के जवानों ने कठिन परिस्थितियों में अभियानों को अंजाम दिया। नक्सलवाद के खिलाफ संघर्ष में उनकी भूमिका और क्षेत्र में सुरक्षा की दिशा में हुए बदलावों के बीच बस्तर के जवानों को राष्ट्रीय एकता परेड में शामिल होने का अवसर मिलना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

कांकेर की महिला बस्तर फाइटर्स बढ़ाएंगी गौरव

इस परेड में कांकेर जिले की 10 महिला बस्तर फाइटर्स रिस्मल पोटाई, पालेश्वरी सलाम, रमिता सलाम, पूनम मंडावी, सुलोचना वट्टी, रितु पोटाई, संध्या कोरेटी, ममता दुर्गा, हेमलता कोमरा और धर्मोतिन यादव का शामिल होना विशेष आकर्षण रहेगा। महिला जवानों की भागीदारी महिला सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और सुरक्षा व्यवस्था में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रदर्शित करेगी। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने वाली यह महिला जवान अब राष्ट्रीय मंच पर कांकेर का प्रतिनिधित्व करेंगी।

कांकेर जिला के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। राष्ट्रीय एकता दिवस हर साल 31 अक्टूबर को देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर गुजरात के एकता नगर में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में राष्ट्रीय एकता परेड आयोजित की जाती है, जिसमें केंद्र और विभिन्न राज्यों के सुरक्षा बल हिस्सा लेते हैं। वर्ष 2026 में 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के संदर्भ में और नक्सलवाद का खात्मा इस आयोजन का विशेष महत्व बताया जा रहा है। इसीलिए इस बार नक्सल खात्मा में शामिल देशभर के जवानों को परेड में मौका दिया गया है। राष्ट्रीय एकता दिवस परेड की सलामी भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लेंगे। ⏭ शेष पेज 10 पर

SANJAY RUNGTA GROUP OF INSTITUTIONS
KOHKA-KURUD, BHILAI
EXCELLENCE GUARANTEE
PROUD TO ANNOUNCE
BEST PRIVATE DENTAL COLLEGE IN CENTRAL INDIA
with 'A' Grade accredited by NAAC
ACCREDITED WITH GRADE A NAAC
RUNGTA COLLEGE OF DENTAL SCIENCES & RESEARCH
(Under The Aegis of Sanjay Rungta Group of Institutions)
Outlook-ICARE Rankings 2026
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA has been RANKED By Outlook
&
16th AMONGST DENTAL COLLEGES IN INDIA
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA has been RANKED By INDIA TODAY
REGISTRATION OPEN
ONLY FEW SEATS LEFT
AC CLASS ROOMS
BDS | MDS
BEST FACULTY • BEST INFRASTRUCTURE • BEST RESULTS
Only college in CENTRAL INDIA offering MDS in ALL 9 specialization
1. Prosthodontics & Crown and Bridge
2. Periodontology
3. Orthodontics & Dentofacial Orthopedics
4. Conservative Dentistry and Endodontics
5. Paediatrics & Preventive Dentistry
6. Oral & Maxillofacial Surgery
7. Oral Pathology & Microbiology
8. Oral Medicine & Radiology
9. Public Health Dentistry
www.rungtacolleges.com
@rungtacolleges
ADMISSION HELP LINE : 9229 111 555, 92293 44402

Video Shopping www.shreeshivam.com
दिल से दिवाली,
हर रिश्ते के लिए!
ख़ास
FESTIVE COLLECTION
MEN | WOMEN | KIDS WEAR
Midnight Shopping
FRIDAY • SATURDAY • SUNDAY
CENTRAL INDIA'S LARGEST FAMILY FASHION STORE
SHREE SHIVAM
THE TOGETHERNESS STORE
रायपुर: जीवन बीमा मार्ग, पंडरी • बिलासपुर: अग्रसेन चौक, लिंक रोड • दुर्ग: संतरा बाड़ी, स्टेशन रोड
अधिक जानकारी के लिए, कॉल करें: 72229-55555
RAIPUR • BILASPUR • DURG • NAGPUR • BHOPAL • JABALPUR • CHHINDWARA

खबर संक्षेप

गायन प्रतियोगिता का ऑडिशन नवंबर में



कांकेर। विकासखंड नरहरपुर में मानस संस्कृति इकाई की बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्थानीय गायन प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से विकासखंड स्तरीय मानस संस्कृति गायन प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए 14 नवंबर को ऑडिशन टेस्ट होगा। प्रतियोगिता में 15 वर्ष से अधिक आयु के स्थानीय नागरिक भाग ले सकेंगे। इच्छुक प्रतिभागी 12 नवंबर तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान जिला कांकेर ने डिजिटल मंच तैयार करने में सहयोग की सहमति दी है। बैठक में मानस संस्कृति इकाई के सदस्य उपस्थित रहे।

किसान भुगतान यात्रा को किसानों का समर्थन मिला



कोयलीबेड़ा। किसानों के बकाया 6066 करोड़ रुपये के भुगतान सहित 12 सूत्रीय मांगों को लेकर निकाली जा रही किसान भुगतान यात्रा 28 अक्टूबर को कांकेर पहुंची। यात्रा के समर्थन में कोयलीबेड़ा क्षेत्र से सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष सहदेव उसेंडी के नेतृत्व में सुखीराम उसेंडी, सनकु, अनिल आंचले, बिसनाथ दर्रो, हीरऊ, हीरालाल, शिवप्रसाद, दिनेश, चमारसिंह, जयलाल, राजकुमार, खेमराज, माखन और महेश सहित किसान शामिल हुए। किसानों ने बकाया भुगतान, धान का समर्थन मूल्य बढ़ाने और कृषि समस्याओं के समाधान की मांग का समर्थन किया।

होटल के पास से बाइक की चोरी, रिपोर्ट दर्ज

कांकेर। मदन चौक बांदे में होटल के पास खड़ी हीरो होंडा स्प्लेंडर बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित 36 वर्षीय कार्तिक मंडल ने पुलिस को बताया कि होटल में काम करने गया था। रात करीब 1 बजे घर जाने के लिए बाइक के पास गया तब बाइक गायब मिली। चोरी गई बाइक की कीमत 15 हजार रुपये बताई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



जिलास्तरीय राज्योत्सव 02 नवम्बर को होगा

कांकेर। राज्य शासन द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया है। शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जिला मुख्यालय कांकेर में 02 नवम्बर को राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। राज्योत्सव कार्यक्रम नरहरदेव शाउमावि के खेल मैदान में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने राज्योत्सव के सफल क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी को नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार कुर्रे को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कोण्डागांव में आज सजेगा जिला स्तरीय युवा उत्सव, युवाओं को मिलेगा प्रतिभा दिखाने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बड़ेकनेरा रोड स्थित ऑडिटोरियम में सुबह 9 बजे से होगा आयोजन, लोक नृत्य लोकगीत, चित्रकला, कविता लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे युवा




खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 30 अक्टूबर को बड़ेकनेरा रोड स्थित ऑडिटोरियम में किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। युवा उत्सव में जिले के युवाओं को अपनी कला, संस्कृति, रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। आयोजन के अंतर्गत लोक नृत्य, लोकगीत, चित्रकला, कविता लेखन सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शुक्रवार, 30 अक्टूबर को बड़ेकनेरा रोड स्थित ऑडिटोरियम में सुबह 9 बजे से शुरू होगा। आयोजन में विभिन्न विधाओं के पंजीकृत प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। युवा उत्सव के अंतर्गत लोक नृत्य और लोकगीत जैसी पारंपरिक सांस्कृतिक विधाओं को शामिल किया गया है। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को अपनी सांस्कृतिक अभिरुचियों और कलात्मक क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में चित्रकला, कविता लेखन और नुक्कड़ नाटक जैसी रचनात्मक विधाओं में भी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके माध्यम से प्रतिभागी अपनी कल्पनाशीलता, अभिव्यक्ति और रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन कर सकेंगे। युवा उत्सव में विकसित भारत चौलेंज ट्रैक और क्रिएटिव यूथ रील चौलेंज को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को अपनी सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं को प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आयु सीमा 15 से 29 वर्ष निर्धारित की गई है। वहीं संगतकारों के लिए आयु सीमा 18 से 40 वर्ष रखी गई है। पंजीकृत प्रतिभागी निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर उपस्थित होकर संबंधित प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने जिले के छात्र–छात्राओं, युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों से जिला स्तरीय युवा उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

पूर्व विधायक अनूप नाग के साथ एसपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित परिजन

नक्सली हिंसा में भाई की हत्या, एसपी से मुआवजे के लिए परिजनों की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत कंदाड़ी के आश्रित ग्राम कलपर में दो साल पहले नक्सलियों ने एक ग्रामीण की हत्या कर दिया था। दहशत के चलते परिजनों ने उस दौरान थाना में शिकायत नहीं किया था। नक्सल खात्मे के बाद मृतक ग्रामीण के भाई पूर्व विधायक अनूप नाग के साथ पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा से मुलाकात कर पीड़ित परिवार को नियमानुसार मुआवजा दिलाने की मांग उठाई।

- घटना की जांच और शासन से सहायता राशि दिलाने की मांग

जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक के साथ मृतक के भाई बुरवाड़ी कचलामी ने बताया कि 14 अक्टूबर 2024 की रात करीब 12 बजे उनके बड़े भाई सुखलाल कचलामी पिता दसरू राम कचलामी को कथित तौर पर नक्सली संगठन के लोग पकड़कर ले गए थे और 15 अक्टूबर की सुबह करीब 4 बजे आमाटोला और कलपर के बीच जंगल में जन अदालत लगाई गई, जहां उनके भाई की बेरहमी से हत्या कर दी गई।

जन अदालत में आसपास के गांवों के कुछ लोगों को भी बुलाया गया था। वहां मौजूद लोगों के सामने उनके भाई के साथ मारपीट की गई और बाद में गले पर बांस का डंडा रखकर दबाने से उनकी मौत हो गई। इसके बाद नक्सलियों ने शव को ले जाकर दफनाने और पुलिस में शिकायत नहीं करने की धमकी दी। शिकायत करने पर इसी तरह की सजा भुगतने की चेतावनी भी दी गई।

डर के कारण तत्काल नहीं दी सूचना

मृतक के भाई ने बताया कि नक्सलियों की धमकी और भय के कारण परिवार ने घटना के तत्काल बाद पुलिस को सूचना नहीं दी और शव को दफना दिया था। दो साल बाद थाना छोटेबेठिया में लिखित सूचना देने पहुंचे, तो उनके आवेदन के मुताबिक थाना प्रभारी ने देरी से आने पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब काफी समय बीत चुका है और पहले सूचना क्यों नहीं दी गई।

जांच और मुआवजे की मांग

पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, भाई की हत्या से जुड़े प्रकरण में आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने तथा शासन के नियमानुसार पात्रता के आधार पर मुआवजा राशि दिलाने की मांग की है। परिवार को उम्मीद है कि मामले की जांच के बाद उन्हें न्याय मिलेगा और लंबे समय से प्रतीक्षित आर्थिक सहायता प्राप्त हो सकेगी।

5.57 लाख के केबल व टीवी नहीं लौटाने पर तीन पर अपराध कायम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



केबल टीवी प्रसारण व्यवसाय के लिए अमानत के रूप में दिए गए लाखों रुपये के उपकरण वापस नहीं करने का मामला सामने आया है। रायपुर की फर्म की शिकायत के अनुसार कांकेर के लिए टीवी प्रसारण के लिए दिए गए 318 सेट टॉप बॉक्स सहित फाइबर केबल, वायर, स्प्लिटर और अन्य उपकरण वापस नहीं किए गए। इन उपकरणों की कुल कीमत 5 लाख 57 हजार रुपये बताई गई है। इसी शिकायत पर कांकेर के तीन पर मामला दर्ज करते हुए जाँच शुरू की गई।

- रायपुर के फर्म मैनेजर की शिकायत पर हुई कार्रवाई

कांकेर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर स्थित ग्रांड विजन टीवी प्रसारण फर्म के मैनेजर हितेश व्यास ने 28 अक्टूबर 2026 को थाना कांकेर लिखित शिकायत प्रस्तुत की। उन्होंने पुलिस को बताया कि फर्म की ओर से कांकेर के विभिन्न क्षेत्रों में केबल टीवी प्रसारण व्यवसाय संचालित करने के लिए स्थानीय केबल ऑपरेटरों जिशान अली खान, साजिद खान और मतीन खान को 318 सेट टॉप बॉक्स अमानत के रूप में दिए गए थे। इनकी कुल कीमत 4 लाख 77 हजार रुपए बताई गई है। इसके अतिरिक्त फाइबर केबल, वायर, स्प्लिटर और अन्य प्रसारण उपकरण भी उपलब्ध कराए गए थे, जिनकी कीमत लगभग 80 हजार रुपये है। शिकायतकर्ता के अनुसार अक्टूबर 2026 तक फर्म को मासिक सब्सक्रिप्शन शुल्क नियमित रूप से प्राप्त होता रहा था। आरोप है कि इसके बाद बिना पूर्व सूचना दिए उपभोक्ताओं के घरों से सेट टॉप बॉक्स निकालकर अपने कब्जे में रख लिए गए। फर्म की ओर से जब संबंधित उपकरण वापस मांगे गए, तो उन्हें लौटाने से इंकार कर दिया गया।

तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर जिशान अली खान, साजिद खान और मतीन खान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 316 (2) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

पीएम किसान सम्मान निधि योजना का प्रसारण आज

कांकेर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 अक्टूबर को गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24 वीं किस्त जारी करेंगे। इसका सीधा प्रसारण सुबह 10 बजे से होगा। कांकेर जिले के 78 हजार 973 किसान लाभान्वित होंगे। योजना के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये तीन किस्तों में दिए जाते हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र सिंगारभाट में आयोजित होगा। इसके अलावा विकासखंड मुख्यालयों, पंचायतों और कृषि केंद्रों में भी कार्यक्रम होंगे।

केशकाल घाट में खराब ट्रक के पीछे फंसा कंटेनर

वाहनों की लगी लंबी कतार, आवागमन प्रभावित



केशकाल। राष्ट्रीय राजमार्ग- स्थित केशकाल घाट में एक खराब ट्रक के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होने की स्थिति सामने आई है। ट्रक के रास्ते में खराब होकर खड़े हो जाने के कारण उसके पीछे चल रहा कंटेनर फंस गया, जिसके चलते घाट से गुजरने वाले वाहनों की लंबी कतार लग गई। इससे वाहन चालकों और यात्रियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।

केशकाल घाट अपनी घुमावदार सड़क और ढलान के कारण पहले से ही भारी वाहनों के लिए चुनौतीपूर्ण माना जाता है। ऐसे में घाट के बीच किसी भारी वाहन के खराब हो जाने से यातायात पर इसका सीधा असर पड़ता है। एक वाहन के रास्ते में रुकने से पीछे चल रहे अन्य वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित होने लगती है। इस घटना में खराब ट्रक के पीछे कंटेनर फंसने से सड़क पर वाहनों की कतार लग गई और आवागमन बाधित हुआ।

तेज हवा से गौरगांव में घर पर गिरा पेड़

आवागमन प्रभावित, बदले मौसम से ग्रामीणों की बढ़ी चिंता



केशकाल। चक्रवात के प्रभाव से क्षेत्र में मौसम का मिजाज लगातार बदला हुआ है। बारिश और तेज हवाओं के बीच अब पेड़ गिरने की घटनाएं भी सामने आने लगी हैं। केशकाल से सटे ग्राम गौरगांव में तेज हवा के चलते एक पेड़ धराशायी होकर ग्रामीण के घर पर गिर गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आवागमन भी प्रभावित हुआ है। मौसम के इस बदले स्वरूप ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है।

घर पर गिरा पेड़, आवागमन में हुई परेशानी: प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम गौरगांव में चक्रवात के असर के बीच एक पेड़ गिरकर ग्रामीण के घर पर जा गिरा। पेड़ के गिरने से मकान को नुकसान पहुंचने की आशंका है। वहीं, पेड़ गिरने के कारण आसपास के रास्ते पर आवागमन प्रभावित होने की जानकारी सामने आई है। ऐसे में ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि, घटना में किसी के घायल होने या जनहानि की आधिकारिक जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। मौसम में आए बदलाव के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़ों के धराशायी होने और अन्य प्राकृतिक घटनाओं की आशंका बनी हुई है। तेज हवाओं के दौरान पुराने, सूखे और कमजोर पेड़ों के आसपास खड़े रहना जोखिम भरा हो सकता है। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। विशेषकर बिजली के खंभों, पेड़ों और कमजोर मकानों से दूरी बनाए रखना जरूरी है।

प्रशासन से राहत और रास्ता बहाल करने की अपेक्षा

गौरगांव में घर पर पेड़ गिरने की घटना के बाद प्रभावित परिवार को राहत पहुंचाने तथा गिरे हुए पेड़ को हटाकर आवागमन सामान्य करने की आवश्यकता है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि संबंधित विभाग मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे, ताकि प्रभावित परिवार को राहत मिल सके और लोगों की आवाजाही सुचारु हो सके। चक्रवात के प्रभाव को देखते हुए लोगों को मौसम संबंधी चेतावनियों पर ध्यान देने और अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी जाती है। किसी भी आपात स्थिति में संबंधित प्रशासनिक विभाग को सूचना देकर समय पर सहायता लेना जरूरी है।

अब तक 400 कृषि सखियां प्रशिक्षित

कृषि सखियों का तीन दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण



कोण्डागांव। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत जिले की कृषि सखियों की क्षमता संवर्धन के लिए जिला स्तरीय तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिले में कुल 576 कृषि सखियों में से 400 कृषि सखियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जबकि शेष कृषि सखियों का प्रशिक्षण जारी है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कृषि सखियों को कृषि संबंधी तकनीकी जानकारी एवं व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है, ताकि वे गांवों में किसानों को मार्गदर्शन देने के साथ अपनी आजीविका के अवसरों को भी बढ़ा सकें। प्रशिक्षण के दौरान राज्य स्तर पर प्रशिक्षित कृषि सखी मास्टर ट्रेनरों द्वारा विभिन्न कृषि विषयों पर जानकारी दी जा रही है। इसमें सब्जी की खेती की उन्नत तकनीक, धान की फसल में लगने वाले रोगों एवं कीटों की पहचान, कीटों के प्रकार, कीट प्रबंधन, मक्का की खेती तथा धान की प्रमुख बीमारियों की पहचान एवं उनके प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। प्रशिक्षण में कृषि सखियों को फसलों में होने वाली समस्याओं को समझने, समय पर उनकी पहचान करने तथा किसानों तक उपयोगी कृषि जानकारी पहुंचाने के लिए तैयार किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रें में कृषि संबंधी तकनीकी मार्गदर्शन को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।



पेज 09 के शेष...

गुजरात की राष्ट्रीय ...

वे इस मुख्य राष्ट्रीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर परेड का निरीक्षण करेंगे और राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाएंगे। पखांजूर एसडीओपी करेंगे लीड : गुजरात के एकता नगर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय एकता परेड में छत्तीसगढ़ से शामिल होने वाली बस्तर की टोली का नेतृत्व पखांजूर के एसडीओपी कुलदीप बंजारे करेंगे। उनके नेतृत्व में जवान अनुशासन, एकजुटता और समन्वय के साथ परेड में कदमताल करेंगे। इस महत्वपूर्ण आयोजन को लेकर जवान करीब एक माह पहले से ही तैयारियों में जुटे हुए हैं। परेड के लिए नियमित अभ्यास और आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं, ताकि राष्ट्रीय मंच पर बस्तर के जवान अपनी क्षमता, अनुशासन और समर्पण का प्रभावशाली प्रदर्शन कर सकें।

विद्यार्थियों को निरोगी रहने पोष्टिक आहार पर ध्यान दें

भंडारडिगी विद्यालय के 400 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भण्डारडिगी में गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गूकोंदल के स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लगभग 400 विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान सिकल सेल, ब्लड प्रेशर बीपी, ब्लड शुगर सहित अन्य बीमारियों से संबंधित परीक्षण किए गए। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज किशोर के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की स्थिति का आकलन करना और संभावित बीमारियों की समय पर पहचान करना था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विद्यार्थियों की आवश्यक जांच कर उन्हें नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व की जानकारी दी। सिकल सेल की जांच के माध्यम से भी बच्चों को इस बीमारी के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ. मनोज किशोर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, नियमित दिनचर्या अपनाने, स्वच्छता बनाए रखने और पर्याप्त नींद लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की शारीरिक परेशानी होने पर उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए तथा समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने सिकल सेल जैसी बीमारी की समय पर पहचान और उचित चिकित्सकीय सलाह के महत्व पर भी प्रकाश डाला। विद्यालय में आयोजित इस शिविर से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने और आवश्यकतानुसार आगे उपचार कराने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी, नर्स सुरेखा नेताम सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

सुरक्षित बचपन अभियान में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



कोण्डागांव। बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और कानूनी संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सम्बलपुर में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के विधिक सेवा जागरूकता अभियान के तहत आयोजित हुआ। शिविर में न्यायिक अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक–शिक्षिकाएं तथा छात्र–छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री प्रतिभा मरकाम, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश उपस्थित रहीं। साथ ही जेपी वर्मा, मंडल संयोजक, आदिम जाति कल्याण विभागय चंदन यादव, साइबर सेलय तथा गजेंद्र पटेल, महिला एवं बाल विकास विभाग, कोंडागांव ने सहभागिता की। विद्यालय के प्राचार्य दामोदर सिंह ध्रुव और राष्ट्रीय सेवा योजना रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी श्री मन्नाराम नेताम सहित विद्यालयीन स्टाफ एवं विद्यार्थी कार्यक्रम में मौजूद थे। सुरक्षित बचपन अभियान का प्रमुख उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने, उनके अधिकारों की जानकारी देने तथा किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में उचित सहायता प्राप्त करने के प्रति जागरूक करना है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों को अपने अधिकारों को समझने और जरूरत पड़ने पर सही मंच तक अपनी बात पहुंचाने में सहायता करते हैं। शिविर में न्यायिक एवं प्रशासनिक विभागों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने विद्यार्थियों को कानून और सुरक्षा से जुड़े विषयों की जानकारी प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में जागरूकता विकसित करने के साथ उन्हें सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना रहा।

विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका से कराया परिचित – राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक कानूनी सहायता पहुंचाना और समाज के विभिन्न वर्गों में विधिक जागरूकता बढ़ाना है।

खबर संक्षेप

10 आपदा पीड़ितों को 40 लाख की सहायता स्वीकृत

जगदलपुर। कलेक्टर बस्तर आकाश छिकारा ने प्राकृतिक आपदा से मृत 10 लोगों के परिवारों के लिए 40 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। सभी प्रभावित परिवारों को चार-चार लाख रुपए दिए जाएंगे। यह राशि तहसीलदारों के माध्यम से सीधे बैंक खातों में डीबीटी द्वारा ट्रांसफर की जाएगी। सहायता पाने वालों में तालाब और कुएं में डूबने से मृत पदमनी के पिता भास्कर, मनबोध की पत्नी सनमती, तीरनाथ की पत्नी हेमबती, धनर कश्यप की पत्नी दिलेश्वरी, चंदन के पिता रामचंद और लखूराम की पत्नी सिलदई शामिल हैं। वहीं आकाशीय बिजली से मृत लालती के पिता शत्रुघन तथा सर्पदंश से मृत भगवती के पिता तुलाराम, सोनमती के पति गणेश और सविता के पिता कलानाथ को राहत राशि मिलेगी।

नवाचारी शिक्षक कंचन हुई सम्मानित



जगदलपुर। शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले बस्तर के छह शिक्षकों को समाज दीप रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ समग्र विकास मंच की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में अतिथियों ने शिक्षकों को सम्मान प्रदान किया। सम्मानित होने वाली कुरंदी करेंगा शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय की कंचन विश्वकर्मा शामिल रही। इनमें शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, प्रकृति संरक्षण,विज्ञान के प्रचार-प्रसार, स्वच्छता, स्वास्थ्य, कला संस्कृति, समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, अंधविश्वास उन्मूलन, जनजागरुकता, कबाड़ से जुगाड़, व्यक्तिगत्व विकास, सामाजिक परिवर्तन के लिए उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रतिभागी शामिल रही। सृजनात्मक, नेतृत्व क्षमता, सीखने में रुचि, सामाजिक चेतना को बढ़ावा मिल रहा है।

डाक अदालत 4 नवम्बर को

जगदलपुर। संभागीय स्तर पर डाक अदालत का आयोजन 4 नवम्बर को प्रातः 11 बजे किया गया है । डाक सेवाओं से संबंधित शिकायतें जैसे डाक वस्तुओं का वितरण, काउंटर सेवाएं, लघुबचत योजनाएं आरडी,बचत बैंक ,बचत पत्र रजिस्ट्री, मनीआर्डर, व्हिपी पार्सल,एक्सप्रेस पार्सल, स्पीड पोस्ट, डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा से संबंधित शिकायतों का समाधान किया जायेगा । डाक ग्राहकों से अनुरोध है कि वे अपनी शिकायतें अधीक्षक डाकघर को 2 नवम्बर प्रस्तुत कर सकते हैं ।

जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता 14 से

जगदलपुर। आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नवा रायपुर द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आगामी 14 और 15 नवम्बर को संस्थान के सेक्टर-24 स्थित परिसर में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय मेरी जनजाति-मेरी विरासत निर्धारित किया गया है।

मानवाधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर ने किया बस्तर का दौरा

कड़कनाथ पालन और लघु वनोपज की बेहतर मार्केटिंग पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर जनजातीय कल्याण आर हेमंत कुमार ने बस्तर जिले के भ्रमण के दौरान एकलव्य मॉडल स्कूल तोकापाल सहित

- स्कूलों व आईटीआई का निरीक्षण कर कलेक्टोरेट में ली समीक्षा बैठक

प्रयास विद्यालय जगदलपुर का निरीक्षण कर बच्चों के शैक्षणिक एवं समग्र व्यक्तित्व विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली और इन बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की पुस्तकें भी उपलब्ध करवाने कहा। वहीं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण में युवाओं के कौशल विकास प्रशिक्षण संबंधी जानकारी ली और स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध होने वाले ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान करने पर बल दिया। उन्होंने कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक के दौरान जिले में अनुसूचित जनजाति और विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के अधिकारों, संवैधानिक संरक्षण तथा धरातल पर संचालित विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किए जाने कहा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत तन्मय खन्ना, डीएफओ दीपेश कपिल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने आजीविका गतिविधियों के लिए कृषि तथा कृषि के आनुषांगिक पशुपालन, उद्यानिकी व मत्स्यपालन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं बताई और इन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने कहा और विशेष तौर पर कड़कनाथ कुक्कुट पालन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। वहीं लघु वनोपज के संग्रहण व मूल्य संवर्धन करने सहित उत्पादों के विपणन के लिए सकारात्मक पहल किए जाने पर बल देते हुए बेहतर मार्केटिंग प्लान बनाने कहा। वनोपज आधारित उत्पाद बनाने के लिए महिला स्व-सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने सहित आजीविका गतिविधियों तथा खेती- किसानी व आनुषांगिक गतिविधियों के लिए अधिकाधिक बैंक लिंकेज सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता निरूपित की और सहकारी बैंकों को इस दिशा में निर्धन परिवारों को सशक्त बनाने के हेतु सार्थक प्रयास करने कहा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत तन्मय खन्ना ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर आर हेमंत कुमार के द्वारा दिए गए सुझावों एवं साझा किए गए अनुभवों को जिले के सभी विभागों के जरिये समन्वित रूप से क्रियान्वित करने का भरोसा दिलाया और उनके मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।



किशोरी बालिकाओं में एनीमिया रोकथाम पर फोकस

बैठक में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर आर हेमंत कुमार ने जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में लक्षित माताओं एवं बच्चों को समेकित बाल विकास सेवाओं यथा स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, पौष्टिक आहार की उपलब्धता सहित किशोरी बालिकाओं में एनीमिया की रोकथाम एवं फूड सप्लीमेंट के जरिये आयरन की उपलब्धता, आश्रम-छात्रावास एवं आवासीय विद्यालयों के बच्चों का रोस्टर के आधार पर स्वास्थ्य परीक्षण करने सहित स्थानीय स्तर पर उपलब्ध फूड सप्लीमेंट के माध्यम से आयरन फोलिक एसिड कंटेनेंट की उपलब्धता के लिए सकारात्मक प्रयास किए जाने पर जोर दिया। साथ ही इस संबंध में समुदाय की जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक अभियान चलाए जाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने भूमि स्वामियों के अभिलेखों का समुचित संधारण एवं उन्हें भूमि संबंधी दस्तावेज प्रदाय करने सहित उनकी समस्याओं का निस्तारण के लिए निरंतर प्रयास किए जाने पर जोर दिया।

पुण्य अभियान से लोगों को मिलता है जीवनदान : कश्यप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महर्षि सदाफल देव आश्रम बोधघाट में 28 अक्टूबर को विहंगम योग संस्थान द्वारा संत प्रवर विज्ञान देव महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद महेश

- महा-अभियान में 70 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

कश्यप ने रक्तदान महाभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस पुण्य अभियान से लोगों को जीवन दान मिल सकता है इस समाजोपयोगी और पुण्य अभियान हेतु शुभकामनाएं दी, भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में अपनी सहभागिता देने सहमति प्रदान की। विशिष्ट अतिथि श्रीधर मद्दी ने रक्तदान किया और सभी से आग्रह किया कि इस पुनीत कार्य में अधिक से अधिक लोग सहभागी बनें। बलीराम कश्यप चिकित्सा महाविद्यालय एवं महारानी अस्पताल, की विशेषज्ञ टीम ने चिकित्सीय व्यवस्था संभाली । निःशुल्क चिकित्सा शिविर में आयुर्वेदिक, एलोपैथिक, होम्योपैथी तथा नेचुरोपैथी विशेषज्ञों एवं दंत चिकित्सक ने निःशुल्क उपचार कर दवा वितरण किया । जिसका लाभ सैकड़ों लोगों ने लिया। 70 से अधिक रक्त दान दाताओं ने रक्त दान किया। इस अवसर पर रक्तदान दाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया डॉक्टरों का सम्मान पुष्पहार, विहंगम योग साहित्य तथा अंगवस्त्र से किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ.सुभाऊ कश्यप, सिंधी समाज के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ,वेंकटेश राव जूनियर चैंबर ऑफ कॉमर्स के कोषाध्यक्ष, एच.एल.साहू संरक्षक साहू समाज, तोरण साहू, अजय पॉल, संयोजक तुलसी राम बघेल, सह संयोजक बी एल साहू, सुनील पिल्ले,आश्रम व्यवस्थापक एल बी मौर्य,संभागीय पदाधिकारी रमेश राव, भागीरथी बघेल, हरेश कुमार साहू, दिनेश राव एवं युवावर्ग शामिल हुए।

योग और आयुर्वेद से करें स्वास्थ्य की देखभाल : डॉ. भार्गव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विहंगम योग संस्थान के तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ मोहनीश साहू के निर्देशन में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर विहंगम योग संस्थान में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए डॉ राकेश भार्गव ने कहा वर्तमान समय में जीवन शैली जन्य बीमारियों जैसे मधुमेह उच्च रक्त चाप, हृदय रोग मोटापा की वृद्धि तेजी से हो रही है। साथ साथ लोगो में मानसिक तनाव बढ़ रहा है ऐसे में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना जरूरी है यदि कोई व्यक्ति अपनी दिनचर्या में बदलाव कर तीन प्रमुख बातो पर ध्यान दे तो कई रोगों से बचाव किया जा सकता है। हमेशा ताजी और संतुलित आहार का समय पर सेवनकम से कम 6-8 घंटे की निद्रा और ध्यान और योग इनको नियमित रूप से आदत में शामिल करने से स्वथ रहा जा सकता है व्यवहार में देखने में आता है हर व्यक्ति गैस जैसी समस्याओं से पीड़ित बताता है। यदि भोजन के बाद 5 मिनट वज्रासन में बैठना शुरू करे तो गैस जैसी समस्या होगी ही नही इस तरह कई छोटे छोटे आसन है। इस शिविर में 208 व्यक्तियों का जांच कर निशुल्क औषधि वितरण किया गया। इस मौके पर सांसद महेश कश्यप ने आयुर्वेद शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में महर्षि सदाफल आश्रम के भूनेश्वर लाल साहू तथा मनीष मूलचंदानी का सहयोग रहा। शिविर उपरांत विहंगम योग संस्थान ने सभी का सम्मान किया शिविर में डॉ राकेश भार्गव डॉ प्रेम कुमारी मिश्रा हीरालाल सोमनाथ पोयाम ने सेवाए दी ।

वैज्ञानिकों ने किसानों को सिखाए प्राकृतिक कीट प्रबंधन के गुर

बीजापुर। जिले में फसलों की सुरक्षा और किसानों की लागत घटाने के उद्देश्य से संचालित राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाव अभियान' के अंतर्गत आज ब्लॉक भैरमगढ़ के ग्राम दर्रापाल तथा ब्लॉक बीजापुर के ग्राम बोरजे में विशेष प्रक्षेत्र कार्यक्रम आयोजित किए गए। 22 अक्टूबर से 30 नवंबर तक चलने वाले इस सघन अभियान का मुख्य ध्येय स्वस्थ मिट्टी, सशक्त किसान, समृद्ध भारत तथा "मिट्टी बचाओ, खेती बचाओ, किसान बचाओ" की संकल्पना को धरातल पर उतारना है। कृषि विज्ञान केंद्र बीजापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शमशेर आलम एवं डॉ. राजकमल पटेल के नेतृत्व में वैज्ञानिकों के दल ने दर्रापाल और भोर्जे के कृषक प्रक्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान दल ने धान व आगामी रबी फसलों की स्थिति का जायजा लेते हुए तना छेदक, भूरा माहू एवं ब्लास्ट जैसी प्रमुख बीमारियों की पहचान की और किसानों को मौके पर ही वैज्ञानिक व व्यावहारिक निदान बताए।

बस्तर में कमजोर पड़ा चक्रवात अर्नब का असर, मौसम साफ रहने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवात अर्नब का प्रभाव बस्तर संभाग में कमजोर पड़ने के संकेत मिल रहे हैं।

- धान की फसल पर नुकसान का खतरा बरकरार

गुरुवार को जगदलपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में चक्रवात का व्यापक असर देखने को नहीं मिला। रुक-रुककर हल्की बूंदाबांदी हुई और हवा की रफ्तार भी सामान्य रही। मौसम की मौजूदा स्थिति को देखते हुए शुक्रवार को मौसम साफ रहने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि, मौसम विभाग के पूर्वानुमान और प्रशासनिक सतर्कता के बीच बारिश से संभावित नुकसान पर निगरानी जारी है। बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में कटाई के लिए तैयार खड़ी धान की फसल और कटाई के बाद खुले में सुखाने के लिए रखी गई उपज के भीगने का खतरा बना हुआ है। यदि खेतों में लंबे समय तक नमी बनी रहती है, तो धान की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। वहीं, कटी हुई फसल के लगातार भीगने से दानों के खराब होने और अंकुरित होने की आशंका भी है। ऐसे में किसान मौसम साफ होने और जल्द धूप निकलने की उम्मीद कर रहे हैं। चक्रवात के संभावित प्रभाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने आपदा प्रबंधन की तैयारियां की हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी, राहत एवं बचाव व्यवस्था और आवश्यक सेवाओं को सुचारू बनाए रखने पर जोर दिया गया है। हालांकि, चक्रवात के प्रभाव से बस्तर जिले में हुई संभावित जनहानि और अन्य नुकसान की आधिकारिक स्थिति स्पष्ट होने का इंतजार है।



एनएमडीसी ने बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को बांटे तिरपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हाल ही में आये बाढ़ की आपदा से निपटने में एनएमडीसी के चेयरमैन ने हर संभव सहायता का आश्वासन दिया और 4 स्पीड बोट दिए। सांसद महेश कश्यप ने

- नगरनार स्टील प्लांट के प्रमुख ने कहा लोगों को कर रहे हरसंभव मदद

एनएमडीसी की भूमिका का उल्लेख किया जिसमें बाढ़ पीड़ितों को तिरपाल दिया गया।

25 एवं 26 सितंबर को बाढ़ के कारण इंद्रावती नदी के आसपास के गांवों में भारी जलभराव हुआ तथा कई परिवारों के कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो गए। क्षतिग्रस्त मकानों में रहने वाले परिवारों को राहत प्रदान करने हेतु एनएमडीसी 18 गुणा 24 फीट के उच्च गुणवत्ता वाले तिरपाल वितरित किए । एनएमडीसी की इस पहल का 1 हजार ग्रामवासियों को लाभ मिलेगा। 28 अक्टूबर को ईडी एवं सांसद द्वारा कृष्पाल गांव जनपद पंचायत बस्तर में 200 तिरपाल वितरित किए गए। 29 अक्टूबर को बड़े चकवा ग्राम पंचायत एवं घाटगनौरा गांव जनपद पंचायत बस्तर में 200 तिरपाल वितरित किए गए। प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करने 600 अतिरिक्त तिरपालों का वितरण प्रस्तावित है।

प्रमोद कुमार, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं प्रमुख एनएमडीसी स्टील प्लांट नगरनार ने कहा, ₹बस्तर के लोगों ने प्रकृति की इस मार का बहादुरी से सामना किया और वे अब अपने जीवन को संवार रहे हैं। हमें खुशी है कि ग्रामीणों को अपना जीवन फिर से बसाने में भी एनएमडीसी सहभागी हो सका।

ज्ञात हो कि बाढ़ के दौरान बाढ़ में फंसे ग्रामीणों को सुरक्षित निकालने के लिए एनएमडीसी ने जिला प्रशासन को 4 जीवन रक्षक स्पीड बोट उपलब्ध कराए थे। इसके अलावा, एनएमडीसी ने बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता हेतु राशन सामग्री और पानी का वितरण किया था।



जनजातीय गौरव दिवस पर राज्य स्तरीय फोटोग्राफी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नवा रायपुर द्वारा जनजातीय गौरव दिवस 2026 के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय जनजातीय फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश के आदिवासी अंचलों की समृद्ध जीवनशैली, अनूठी परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को छायाचित्रों के माध्यम से व्यापक मंच प्रदान करना है। संस्थान ने इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय 'जनजाति जीवन, संस्कृति एवं परंपराएँ' निर्धारित किया है। यह प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क है, जिसमें छत्तीसगढ़ के मूल निवासी तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। नियमों के अनुसार, प्रस्तुत किए जाने वाले छायाचित्र छत्तीसगढ़ की भौगोलिक सीमा के भीतर ही लिए गए होने चाहिए। प्रत्येक प्रतिभागी अधिकतम पांच मौलिक फोटो भेज सकता है, जिनका न्यूनतम रिज़ॉल्यूशन 3000×2000 पिक्सेल और फाइल साइज 2 से 10 एमबी के मध्य होना आवश्यक है।

छायाचित्रों की मौलिकता बनाए रखने के लिए केवल सीमित पोस्ट-प्रोसेसिंग जैसे रंग सुधार, एक्सपोजर और क्रॉपिंग की ही छूट दी गई है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से निर्मित सामग्री अथवा मूल तत्वों में बदलाव को पूरी तरह प्रतिबंधित रखा गया है। इसके साथ ही, प्रत्येक छायाचित्र के साथ 30 से 50 शब्दों का संक्षिप्त परिचय लिखना अनिवार्य होगा।

पंजीयन और आवेदन की प्रक्रिया

इच्छुक प्रतिभागी गूगल शीट लिंक (tinyurl.com) के जरिए 4 नवम्बर शाम 5.30 बजे तक ऑनलाइन प्रविष्टि दर्ज कर सकते हैं।

पंच-उप सरपंचों के हक में लड़ेंगे लड़ाई

घाटलोहंगा। जपं बस्तर के अंतर्गत ग्रापं बड़े चकवा के उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप को बस्तर जिला उपसरपंच संघ का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जनप्रतिनिधियों, समाज के पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। पूरन सिंह कश्यप ग्राम पंचायत बड़े चकवा में दो बार पंच के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्तमान में वे ग्राम पंचायत के उपसरपंच हैं। वे गांव की मूलभूत समस्याओं को शासन-प्रशासन के समक्ष उठाने और उनके निराकरण के लिए लगातार प्रयास करते रहे हैं। बस्तर क्षेत्र के किसानों की समस्याओं, उनके अधिकारों और ग्रामीणों की मांगों को लेकर भी आवाज उठाते रहे हैं। वे सर्व आदिवासी समाज के माध्यम से आदिवासी समाज के मुद्दों एवं अधिकारों के प्रतिनिधित्व में भी सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। पंच-उपसरपंचों के मानदेय और अधिकारों के लिए उठाएंगे आवाज जिला उपाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पूरन सिंह कश्यप ने कहा कि जिले की ग्राम पंचायतों में पंचों एवं उपसरपंचों को आने वाली समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। पंचों के मानदेय में बढ़ोतरी, पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों तथा गांवों की मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए संगठित प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि सीधे जनता द्वारा चुने जाते हैं और ग्रामीण स्तर पर जनसमस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।





अतिक्रमण सुलझाने सड़क पर उतरे एसडीएम, व्यापारियों में बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

नगर भानुप्रतापपुर में अतिक्रमण को लेकर व्यापारियों और प्रशासन के बीच बढ़ती खींचतान के बीच एसडीएम अनिकेत अशोक फड़तरे ने संवाद और आपसी सहमति से समाधान निकालने की पहल की है। अतिक्रमण के नोटिस और दुकानों के बाहर लाल निशान को लेकर व्यापारियों की चिंताओं को सुनने के बाद एसडीएम स्वयं व्यापारियों के साथ सड़कों पर उतरे और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान दुकानों की निर्धारित सीमा, ग्राहकों के लिए पार्किंग और सड़क पर अव्यवस्थित वाहनों की समस्या पर चर्चा हुई। प्रशासन और व्यापारियों के बीच बनी सहमति से नगर की यातायात व्यवस्था सुधारने की दिशा में सकारात्मक पहल सामने आई है।

दुकानों की सीमा निर्धारित, पार्किंग और यातायात व्यवस्था सुधारने पर बनी सहमति

एसडीएम ने संबलपुर रोड पर किया निरीक्षण

आयोजित बैठक के बाद एसडीएम व्यापारियों के साथ संबलपुर रोड पहुंचे और मौके पर यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान सहेली जनरल स्टोर में ग्राहकों के वाहनों की पार्किंग के लिए दुकान परिसर में उपलब्ध कराई गई जगह की उन्होंने सराहना की। एसडीएम ने इसे अन्य दुकानदारों के लिए भी अनुकरणीय पहल बताया। उन्होंने कहा कि दुकानों के सामने उचित पार्किंग की व्यवस्था होने से सड़क पर वाहनों का दबाव कम होगा और ग्राहकों को भी सुविधा मिलेगी। वाहन चालकों को व्यवस्थित तरीके से पार्किंग करने की समझाइश दी। साथ ही नगर पंचायत के सीएमओ को खुली नालियों को ढंकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



समन्वय से सुधरेगी नगर की व्यवस्था

अतिक्रमण के नोटिस के बाद व्यापारियों के बीच बनी चिंता के बीच एसडीएम की इस पहल को संवाद के माध्यम से समाधान निकालने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए प्रशासन, नगर पंचायत और व्यापारियों के बीच समन्वय जरूरी है। यदि दुकानों की निर्धारित सीमा का पालन, पार्किंग की उचित व्यवस्था और सड़क पर अव्यवस्थित वाहनों पर नियंत्रण सुनिश्चित किया जाता है, तो इससे व्यापारियों के साथ आम नागरिकों को भी राहत मिलेगी।

नोटिस और लाल निशान की समस्या बताई



नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, सीएमओ और तहसीलदार की मौजूदगी में आयोजित चर्चा के दौरान व्यापारियों ने अतिक्रमण संबंधी नोटिस और लाल निशान को लेकर अपनी समस्याएं रखीं। इस पर एसडीएम ने स्पष्ट किया कि शहर की सड़कें आम नागरिकों के सुगम आवागमन के लिए हैं। सड़क पर बेतरतीब तरीके से वाहनों की पार्किंग और दुकानों के बाहर सामान रखे जाने से यातायात बाधित होता है। इससे भविष्य में जाम की समस्या भी बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि नगर का विकास इस तरह होना चाहिए, जिससे व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित न हों और आम नागरिकों को भी आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में सहमति बनी कि व्यापारी अपनी दुकानें नाली की निर्धारित सीमा के भीतर संचालित करेंगे। नाली के बाहर सामान नहीं रखा जाएगा और दुकानों के शेड भी निर्धारित सीमा से बाहर नहीं निकाले जाएंगे। व्यापारियों ने नगर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में प्रशासन को सहयोग देने की बात कही।

खबर संक्षेप



राष्ट्रीय एकता परेड का सीधा प्रसारण 31 को बड़े पर्दे पर

कांकेर। पुलिस अधीक्षक कांकेर निखिल राखेचा ने बताया कि कांकेर जिले में 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय एकता परेड परेड का सीधा प्रसारण कांकेर जिले के सभी थाना, चौकी एवं पुलिस कार्यालयों में बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा। इसके माध्यम से पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य उपस्थित लोग सामूहिक रूप से परेड को देख सकेंगे। जिले के सभी संबंधित पुलिस संस्थानों में इसके लिए आवश्यक व्यवस्था की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक पुलिसकर्मी इस कार्यक्रम से जुड़ सकें।

फांसी लगाकर दी जान, मर्ग कायम

कांकेर। भानुप्रतापपुर थानांतर्गत कर्मचारी कॉलोनी भानुप्रतापपुर निवासी 60 वर्षीय वेद प्रकाश साहू पिता स्व. प्रेमसिंह ने फांसी लगाकर अपनी जन दे दी। मृतक के बड़े भाई ने पुलिस को बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था। उसने 28 अक्टूबर की रात को नशे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।


दहशत और कौतूहल का माहौल, वीडियो और फोटो बनाते भी नजर आए लोग

सिदेसर पहाड़ पर नजर आया तेंदुआ व डुमाली में भालू ने ग्रामीण को दौड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर जिले में इन दिनों वन्यजीवों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत और कौतूहल का माहौल है। जिला मुख्यालय से लगे सिदेसर गांव की पहाड़ी पर गुरूवार को तेंदुआ दिखाई दिया, वहीं डुमाली गांव में देर रात तीन भालुओं ने एक ग्रामीण को दौड़ा दिया। सिदेसर में तेंदुए को देखने ग्रामीण मोबाइल से वीडियो और फोटो बनाते नजर आए, जबकि डुमाली में ग्रामीण ने अंधेरे का फायदा उठाकर अपनी जान बचाई। दोनों घटनाएं कैमरे में कैद होने से चर्चा में हैं। वन्यजीवों की इन गतिविधियों ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है।

कांकेर जिलामुख्यालय की सीमा से लगे गांव सिदेसर में 28 अक्टूबर की शाम तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों के बीच चर्चा का माहौल बन गया। गांव के आवासपारा से बड़ेपारा के मध्य स्थित पहाड़ पर तेंदुआ बैठा हुआ



नजर आया। शाम करीब 5 बजे तेंदुए को पहाड़ पर बैठे देखकर ग्रामीणों का ध्यान उसकी ओर आकर्षित हुआ। इसके बाद मौके पर मौजूद ग्रामीण अपने मोबाइल फोन से तेंदुए का वीडियो और फोटो लेते नजर आए। खबर मिलते ही मौके पर वन विभाग की टीम भी पहुँच गई। जानकारी के अनुसार पहाड़ पर तेंदुआ दिखाई देने की खबर आसपास के लोगों तक पहुंचते ही ग्रामीणों में उत्सुकता बढ़ गई। तेंदुए को देखने और उसकी तस्वीरें लेने के लिए लोगों की नजरें पहाड़ की ओर टिकी रहीं। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। तेंदुए की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में वन्यजीव को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। पहाड़ी क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी से लोगों का ध्यान आसपास के जंगल और वन्यजीवों की गतिविधियों की ओर गया है। वन विभाग के अमल ने ग्रामीणों से कहा कि वन्यजीवों की मौजूदगी वाले क्षेत्रों में ग्रामीणों को सतर्क रहने की जरूरत है। तेंदुआ दिखाई देने पर उसके नजदीक जाने, उसे घेरने या छेड़ने से बचना चाहिए।

डुमाली में तीन भालुओं ने ग्रामीण को दौड़ाया, बचाई जान

कांकेर जिले के डुमाली गांव में बीती रात डेढ़ बजे तीन भालुओं द्वारा एक ग्रामीण को दौड़ाने की घटना सामने आई है। इस दौरान ग्रामीण ने सूझबूझ दिखाते हुए अंधेरे का फायदा उठाया और अपनी जान बचाने में सफल रहा। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार बीती रात के समय अचानक तीन भालू ग्रामीण को देखकर दौड़ाने लगे। इस अप्रत्याशित घटना से ग्रामीण की जान पर बन आई, लेकिन उसने किसी तरह खुद को बचाया। घटना का वीडियो सामने आने के बाद गांव में जंगली जानवरों की मौजूदगी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। ग्रामीणों में रात के समय घर से बाहर निकलने को लेकर डर बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने वन विभाग से गांव के आसपास निगरानी बढ़ाने तथा लोगों को सतर्क रहने के लिए जागरूक करने की मांग की है।



अर्नब से फसलें धराशायी, कृषि लागत बढ़ी व किसानों की चिंता



हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

अर्नब चक्रवात के प्रभाव से चारामा अंचल में लगातार दो दिनों तक हुई बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण खेतों में खड़ी धान की फसल के प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। कई खेतों में धान की फसल गिरने से किसानों को संभावित आर्थिक नुकसान की चिंता सताने लगी है। फसल को समय पर अनुकूल परिस्थितियां नहीं मिलीं, तो इसका असर धान की पैदावार और किसानों की आमदनी पर पड़ सकता है। चारामा अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों ने खरीफ सीजन के दौरान धान की फसल तैयार करने के लिए कड़ी मेहनत की है। फसल के पकने और कटाई के करीब पहुंचने के समय हुई बारिश ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। तेज हवा के साथ बारिश होने से धान के पौधों के खेतों में गिरने की स्थिति सामने आई है। फसल गिरने से कटाई में परेशानी होने के साथ ही दानों की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका भी बनी हुई है। खेतों में पानी भरने या नमी लंबे समय तक बने रहने की स्थिति में नुकसान और बढ़ सकता है। फसल गिरने से कटाई और मिंजाई में अतिरिक्त मेहनत एवं खर्च लग सकता है। यदि दाने खराब होते हैं या उपज की गुणवत्ता प्रभावित होती है, तो किसानों को उपज का उचित मूल्य मिलने में भी परेशानी हो सकती है। वास्तविक नुकसान का आकलन खेतों की स्थिति का निरीक्षण करने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

नुकसान के आंकलन की जरूरत

अर्नब चक्रवात के कारण दो दिनों से हो रही बारिश के बाद किसानों को अब मौसम साफ होने और खेतों में नमी कम होने का इंतजार है, ताकि फसल की स्थिति का सही आंकलन किया जा सके। प्रभावित खेतों का सर्वेक्षण कर नुकसान का आंकलन किए जाने की जरूरत है। इससे किसानों को संभावित क्षति की वास्तविक जानकारी मिल सकेगी और पात्र किसानों को नियमानुसार राहत उपलब्ध कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सकेगी।

रेप व जान से मारने की धमकी देने का आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



युवती के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सिटी कोतवाली कांकेर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने 28 अक्टूबर को थाना सिटी कोतवाली कांकेर पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उसने आरोप लगाया कि आरोपी मनीष गोस्वामी ने उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया था। आरोपी मौका पाकर अपने घर में उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाता था।

घटना की जानकारी परिजनों को देने की बात कहने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देता था और मारपीट भी करता था। आरोपी की धमकियों के कारण पीड़िता भयभीत थी और परिजनों को घटना की जानकारी नहीं दे पाई। शिकायत पर पुलिस ने अपराध मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पुलिस आरोपी की पतासाजी में जुटी थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अपने निवास स्थान बरदेभाटा में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम बरदेभाटा रवाना हुई। टीम ने आरोपी बरदेभाटा कांकेर निवासी 40 वर्षीय मनीष गोस्वामी पिता स्व. भुनेश्वर पुरी गोस्वामी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। प्रकरण में उपलब्ध साक्ष्यों और गिरफ्तारी के आधारों से अवगत कराने के बाद आरोपी को 29 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र साहू, उपनिरीक्षक लता सिंह, महिला प्रधान आरक्षक हितेश्वरी चेलक सहित अन्य पुलिसकर्मियों और पेट्रोलिंग टीम की भूमिका रही।

बेमौसम बारिश ने किसानों की मेहनत पर फेरा पानी व खेतों में बिछीं फसलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बासनवाही

सालभर की मेहनत, खेती में लगाया पैसा और अच्छी उपज की उम्मीद, इन सब पर बेमौसम बारिश ने पानी फेर दिया है। चक्रवात अर्बन के प्रभाव से हुई बारिश के चलते खेतों में पककर तैयार धान की फसल जमीन पर बिछ गई है।

सरोना तहसील के ग्राम पंचायत बासनवाही और समीपस्थ ग्राम मावलीपारा में फसल को नुकसान पहुंचने से किसान चिंतित हैं। बासनवाही के किसान कोमल साहू की करीब 5 एकड़ और मावलीपारा के किसान किशोर साहू की लगभग 8 एकड़ में लगी धान की फसल गिर गई है। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से फसल क्षति का सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। किसानों के लिए धान की फसल सालभर की मेहनत और आजीविका का प्रमुख आधार है। फसल तैयार करने के लिए खाद, बीज, कीटनाशक, मजदूरी और कृषि कार्यों में बड़ी रकम खर्च करनी पड़ती है। शुरुआत में कम बारिश और बाद में कीट-व्याधियों के प्रकोप ने फसल को प्रभावित किया। इसके बावजूद किसानों ने मेहनत कर फसल को पकने तक पहुंचाया, लेकिन कटाई से पहले हुई बेमौसम बारिश ने उनकी उम्मीदों को झटका दे दिया। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से जल्द फसल क्षति का सर्वे कराने की मांग की है।

लोहत्तर में खेतों में बिछी धान की फसल, किसानों की बढ़ी चिंता

दुर्गूकोंदल। दो दिनों से हो रही बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पहले कम बारिश और कीट प्रकोप से परेशान किसानों के सामने अब धान की फसल पकने के समय नई मुसीबत खड़ी हो गई है। लगातार बारिश के कारण लोहत्तर क्षेत्र के कई खेतों में पककर तैयार धान की फसल जमीन पर बिछ गई है। इससे उत्पादन घटने और धान की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। किसानों ने खरीफ सीजन में खाद, बीज, कीटनाशक और मजदूरी पर बड़ी रकम खर्च की है। अच्छी पैदावार की उम्मीद लगाए बैठे किसानों को कटाई के समय मौसम की मार झेलनी पड़ रही है। खेतों में गिरी फसल की कटाई में परेशानी के साथ दानों के खराब होने का खतरा भी बना हुआ है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित होने की चिंता है। जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सभापति एवं भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विकास राजू नायक ने प्रभावित किसानों की समस्याओं पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि प्रभावित खेतों का जल्द सर्वे कराकर फसल नुकसान का वास्तविक आंकलन किया जाना चाहिए। किसानों ने भी जल्द सर्वे कराकर उचित राहत देने की मांग की है।



उत्पादन और गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका

खेतों में धान की फसल गिरने और पानी भरने से कटाई में परेशानी आने की आशंका है। इसके साथ ही धान के दानों की गुणवत्ता और उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। खेतों में नमी बने रहने से कृषि कार्यों में देरी होने की चिंता भी किसानों को सता रही है। फसल को नुकसान पहुंचने से खेती में लगाए गए खर्च की भरपाई करना किसानों के लिए चुनौती बन गया है।

जीएसटी अनुपालन की समीक्षा की व रिटर्न दाखिल पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

जैन भवन भानुप्रतापपुर में राज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी अनुपालन में सुधार और करदाताओं को समय पर रिटर्न दाखिल करने के प्रति जागरूक करने समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं, जीएसटी नियमों और निर्धारित समय-सीमा में रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने समय पर रिटर्न दाखिल करने और नियमानुसार कर भुगतान करने की अपील की।

आयोजित बैठक में सहायक आयुक्त राज्य कर अंचला गिरी, राज्य कर अधिकारी अनुराधा सलाम तथा राज्य कर निरीक्षक क्रांति ठाकुर एवं महेश्वर कुमार ने व्यापारियों से संवाद करते हुए बताया कि कांकेर क्षेत्र में निर्धारित अंतिम तिथि के बाद भी 30 प्रतिशत से अधिक करदाता जीएसटीआर-3बी रिटर्न दाखिल नहीं कर रहे हैं, जबकि पूरे राज्य में यह आंकड़ा 10 प्रतिशत से कम है।

इसे देखते हुए निर्धारित समय-सीमा में रिटर्न दाखिल करने की दर 90 प्रतिशत से अधिक करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए व्यापारियों से नियमित संपर्क, अनुस्मारक भेजने और जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

बैठक में जीएसटी विवरणियां समय पर दाखिल करने, नगद कर भुगतान तथा इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के उपयोग पर विचार-विमर्श किया गया। लगातार तीन वर्षों से अधिक समय तक एसजीएसटी के अंतर्गत शून्य नगद कर भुगतान दर्शाने वाले मामलों में कर दायित्व, वास्तविक मूल्य संवर्धन और आईटीसी की पात्रता का नियमानुसार परीक्षण करने पर भी चर्चा हुई।



स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव

दूरस्थ क्षेत्रों में प्रशिक्षित लेखाकारों की कमी को रिटर्न दाखिल करने में देरी का प्रमुख कारण माना गया। इसके समाधान के लिए स्थानीय युवाओं को बुनियादी लेखांकन, बहीखाता संधारण और जीएसटी रिटर्न दाखिल करने का प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव रखा गया। इससे छोटे व्यापारियों को स्थानीय स्तर पर सहायता मिल सकेगी। व्यापारिक संगठनों, चार्टर्ड अकाउंटेंट और अधिवक्ताओं से विभाग के साथ समन्वय कर व्यापारियों को जागरूक करने की अपील की गई।

बैठक में यह रहे शामिल

आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ चेंबर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, व्यापारी संघ अध्यक्ष राकेश रामानी, चेंबर अध्यक्ष यश कथुरिया, झाबक जैन, आनंद जैन, प्रदीप नवलानी, अनु चौधरी, गौरव नशीने, अनंत गोपाल कोठारी, अजय लखानी, नारायण पाढ़ी, लक्ष्मण माखीजा, विवेक गुप्ता, सुनील भंसाली और एजाज रिजवी सहित व्यापारीगण उपस्थित रहे।

संवाददाता नियुक्त करना है
हरिभूमि
हरिभूमि
समाचार पत्र कांकेर
जिला के अंतर्गत
लखनपुरी, नरहरपुर, बड़गांव, बांदे
में संवाददाता नियुक्ति करना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में
लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9098324969
जिला कार्यालय, कांकेर
ऊपर नीचे रोड, महुरबंध पारा
कांकेर, मो. 70009 55574

वैज्ञानिक प्रदर्शनी व विज्ञान मेले में 80 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

कांकेर। बच्चों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से डाइट कांकेर में विकासखंड स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला 2026-27 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डाइट के सहायक प्राध्यापक दिनेश साहू, कांकेर एबीईओ दीपक कुमार ठाकुर एवं बीआरसी गुलराज शर्मा ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में विकासखंड कांकेर के 14 माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के लगभग 80 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, विज्ञान प्रश्नमंच, एकल एवं समूह प्रोजेक्ट, शिक्षक टीएलएम, शिक्षक संगोष्ठी तथा विज्ञान नाटिका सहित विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन बीईओ केजूराम सिन्हा के निर्देशन एवं कांकेर जोन/जिला नोडल पुष्पांजलि ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया। ब्लॉक नोडल ओमप्रकाश डड़सेना, व्याख्याता हाई स्कूल ईरादाह तथा आयोजन



प्रभारी टेश्वर सिन्हा ने कार्यक्रम के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विभिन्न विद्यालयों से आए निर्णायकों दिनेश सिन्हा, अलका श्रीवास्तव, सरोजनी कृषान, कविता नेताम, चंद्रशेखर महलवार, लखन साहू, अनामिका साहू, निशांत प्रधान एवं पूनम नेताम ने विद्यार्थियों के मॉडलों और प्रस्तुतियों का बारीकी से मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता की विभिन्न विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 40 विद्यार्थी और 5 शिक्षक आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विकासखंड कांकेर का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में पंजीयन प्रभारी सीएसी अशोक नेताम, सीएसी प्रशांत मेश्राम, शिक्षक दिनेश वर्मा एवं सहायक शिक्षक श्वेता रामटेके का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षिका हमेश्वरी सिन्हा ने किया।

चाहचाड़ में 1 नवंबर से क्रिकेट टूर्नामेंट

दुर्गूकोंदल। युवा क्रिकेट क्लब चाहचाड़ के तत्वाधान में ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 1 से 5 नवंबर तक ग्राम चाहचाड़ में होगा। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 25 हजार रुपए व ट्रॉफी, उपविजेता को 12500 रुपए, तृतीय को 5500 और चतुर्थ स्थान प्राप्त टीम को 2500 रुपए व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। फाइनल मुकाबले के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



स्पेशल ट्रेन से - 24 दिसम्बर 2026 से 03 जनवरी 2027 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 9165-411411